**सं. ए-42011/01/2023-समन्वय**
भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
समन्वय प्रभाग

निर्माण भवन, नई दिल्ली,
दिनांक:20 सितम्बर, 2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय- मंत्रिमंडल के लिए** जून, **2024 माह प्रमुख गतिविधियों पर मासिक सारांश**

अधोहस्ताक्षरी को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की प्रमुख गतिविधियों पर अवर्गीकृत मासिक सारांश की एक प्रति जून, **2024** के माह के लिए अग्रेषित करने का निदेश दिया गया है।

सलग्नक: यथोपरोक्त

हरि मोहन झा 20/9/2024
(हरि मोहन झा)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष-23061047

सेवा में
1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।

संलग्नकों सहित अग्रेषित प्रति:

1. भारत सरकार के सभी सचिव
2. आईटी सेल, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

अनुलग्नक

जून, 2024 माह के दौरान आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों/कार्यक्रमों का सारांश नीचे दिया गया है

I. **स्वच्छ भारत मिशन**

i. माह के दौरान 6,133 व्यक्तिगत घरेलू शौचालय इकाइयों (आईएचएचएल ) का निर्माण कार्य पूरा किया गया जिससे योजना की शुरुआत से तय किए गए 58.99 लाख व्यक्तिगत घरेलू शौचालय इकाइयों के मिशन लक्ष्य के मुकाबले अब तक कुल 63.63 लाख शौचालय इकाइयों का निर्माण पूरा हो गया है।

ii. 100% डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में इस माह में 263 वार्डों की वृद्धि हुई, जिससे ऐसे वार्डों की कुल संख्या 93,433 (कुल 96,083 में से) हो गई है।

iii. 100% स्रोत पृथक्करण में 298 वार्डों की वृद्धि हुई, जिससे समग्र कुल वार्डों की संख्या 86,925 हो गई।

iv. मानसून में होने वाले स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों को कम करने के लिए 26.06.2024 को 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान' शुरू किया गया। इस अभियान को जल-जनित और वेक्टर-जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए 'स्टॉप डायरिया अभियान' के समरूप चलाया गया है।

II **स्मार्ट सिटी मिशन**

i. बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 10.06.2024 को अरपा नदी के किनारे रिवर व्यू रोड पर डामरीकरण का कार्य पूरा कर लिया है।

ii. तवी नदी तट पर जम्मू स्मार्ट सिटी परियोजना शहर के विकास, दर्शनीयता और आर्थिक आकर्षण को बढ़ावा दे रही है।

iii. औरंगाबाद स्मार्ट सिटी ने 21.06.2024 को नगर निगम की पुराणी और जीर्ण इमारत का जीर्णोधार कर लिया है और छत्रपति संभाजीनगर डीसीपी जोन के लिए एक अत्याधुनिक कार्यालय बनाया है।

iv. माह के दौरान 2,737 करोड़ रु. की 122 परियोजनाएं पूरी की गई थी। स्मार्ट सिटी योजना के तहत 1,44,237 करोड़ रुपये की कुल 7,188 परियोजनाएं पूरी की गई हैं।

## III. अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत)

**अमृत**

i. माह के दौरान 288 करोड़ रुपये की लागत वाली 2 परियोजनाएं पूरी हुईं।

ii. माह में कुल 189 करोड़ रुपये के कार्य निष्पादित किये गये।

iii. अब तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र ने 83,357 करोड़ रुपये की लागत वाली 6,000 परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनमें से 77,483 करोड़ रुपये के कार्य जमीनी स्तर पर शुरू किए गए थे।

**अमृत 2.0**

मासिक उपलब्धि

i. 1,547 करोड़ रुपये की लागत वाली 109 परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की मंजूरी दी गई।

ii. 2,758 करोड़ रुपये की लागत वाली 69 परियोजनाओं के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) जारी कर दी गई है।

iii. 2,764 करोड़ रुपये की लागत वाली 180 परियोजनाओं के लिए अनुबंध प्रदान किये गए थे।

संचयी उपलब्धि

- राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत 1,82,586 करोड़ रुपये की लागत वाली 8,200 परियोजनाओं के लिए राज्य जल कार्य योजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है ।

i. 1,13,826 करोड़ रुपये की लागत वाली 6,065 परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की मंजूरी दी गई है।

ii. 1,00,483 करोड़ रुपये की लागत वाली 5,060 परियोजनाओं के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) जारी की गई है ।

iii. 67,081 करोड़ रुपये की लागत वाली 3,920 परियोजनाओं के लिए अनुबंध प्रदान किये जा चुके हैं।

iv. 766 करोड़ रुपये की लागत वाली 516 परियोजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है।

**IV . दीनदयाल अंत्योदय योजना/राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई/एनयूएलएम)**

- माह के दौरान 10,930 स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) गठित किए गए। 5,100 स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड दिया गया, 10,044 लाभार्थियों को व्यक्तिगत और सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए ऋण सहायता प्रदान की गई तथा एसएचजी-बैंक लिंकेज कार्यक्रम के तहत 527 ऋण स्वयं सहायता समूह को दिए गए।

- मिशन की शुरुआत से लेकर (14.06.202 तक) कुल 9,59,166 स्वयं सहायता समूह गठित किए गए हैं और 9,56,978 व्यक्तिगत और समूह लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई है। कुल मिलाकर, 6,60,066 स्वयं सहायता समूह को रिवॉल्विंग फंड दिया गया है।

**V . पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि )**

i. पीएम स्वनिधि के अंतर्गत 1,08,54,347 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 89,68,493 स्वीकृतियां और 85,80,394 संवितरण किए गए।

ii. जून, 2024 माह के दौरान मिशन के अंतर्गत 85,45 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

**IV. प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई)/सभी के लिए आवास (एचएफए)**

i. शुरू से अब तक मिशन ने 1.19 करोड़ आवासों की मंजूरी दी है, जिनमें से 114.32 लाख आवासों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, तथा 84.45 लाख आवास पूरे हो चुके हैं/सुपुर्द किए जा चुके हैं।

ii. माह के दौरान 116.61 करोड़ रुपए जारी किए गए , जिससे कुल संचयी राशि 1,64,061 रुपए हो गई।

**VII. आवास**

माह में, भू- संपदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम 2016 के अंतर्गत की गई प्रगति:

- 1,947 भू- संपदा परियोजनाएं पंजीकृत की गई थी
- 547 भू- संपदा एजेंट पंजीकृत किये गए थे
- विभिन्न भू- संपदा विनियामक प्राधिकरणों द्वारा 1887 शिकायतों का निपटारा किया गया
- देश भर में रेरा के तहत कुल 1,30,186 भू- संपदा परियोजनाएं और 88,461 भू- संपदा एजेंट पंजीकृत किए गए। देश भर में रेरा द्वारा कुल 1,24,947 शिकायतें निपटाई गई है।

**VIII. सीपीडब्ल्यूडी**

i. 21.06.2024 को जेएलएन स्टेडियम, नई दिल्ली में 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में माननीय मंत्री, आवासन और शहरी कार्य तथा महानिदेशक, सीपीडब्ल्यूडी सहित इस मंत्रालय के अधिकारियों ने भाग लिया।

ii. प्रोफेसर जेएस यादव, अध्यक्ष, भारतीय विज्ञान शिक्षा संस्थान एवं अनुसंधान (आईआईएसईआर ) मोहाली ने 19.06.2024 को आईआईएसईआर , मोहाली के लिए दो नए छात्रावासों का उद्घाटन किया।

iii. एमजीसीयू के परिसर में भवन परियोजना के निर्माण के लिए सीपीडब्ल्यूडी और महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) मोतिहारी, बिहार के मध्य 14.06.2024 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

iv. सीपीडब्ल्यूडी द्वारा 05 से 09 फरवरी, 2024 तक जम्मू में उद्यम संसाधन योजना (ईआरपी) के कार्यान्वयन पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

v. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सीपीडब्ल्यूडी द्वारा गांधीनगर जोन में वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया।